डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. ShakuntalaMisra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तरप्रदेशसरकार

# आवश्यक सूचना

**नवीन महाविद्यालयों/स्वैच्छिक संस्थाओं की सम्बद्धता (शैक्षणिक सत्र–2025–26) हेतु आवेदन के सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अनुच्छेद 5(दो) में वर्णित/प्रचलित व्यवस्थान्तर्गत सम्बद्धता अध्यादेश/बाईलॉज–2018 के क्रम में, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विशेष शिक्षा संकाय तथा पैरामेडिकल रिहैबिलिटेशन साइन्सेज संकाय के अधीन आर0सी0आई0 द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों की वर्तमान शैक्षणिक सत्र/बैच 2025–26 की सम्बद्धता प्रक्रियान्तर्गत, **उ0प्र0 राज्य के ऐसे इच्छुक सोसाइटी/ट्रस्ट/कम्पनी/सरकारी संस्थाएं/स्थानीय निकाय द्वारा संचालित महाविद्यालय/संस्थाओं (निःशक्तजन अधिनियम, 1995/दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंन्तर्गत पंजीकृत), जो दिव्यांगता से संबंधित हों तथा दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु कार्यरत् हों, निम्नानुसार** सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं–

| SN. | Course Name | Abbreviation | Duration (Yrs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Bachelor in Audiology and Speech-Language Pathology-Semester System | B.A.S.L.P. | 04 |
| 2 | B.Sc. Clinical Psychology (Hons.) | B.Sc. (Cl.Psy.) (Hons.) | 04 |
| 3 | M.A. Clinical Psychology | M.A. (Cl. Psy.) | 02 |
| 4 | P.G. Diploma in Rehabilitation Psychology | P.G.D.R.P. | 01 |

सम्बद्धता से संबंधित आवेदन–पत्र एवं वांछित सूचनायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in से डाउनलोड करके निर्धारित आवेदन–प्रारूप एवं निर्धारित शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन शुल्क रू0 25000/–(रूपये पचीस हजार मात्र) प्रति पाठ्यक्रम सहित आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 07 अक्टूबर, 2025 निर्धारित की जाती है।

सम्बद्धता–आवेदन पठनीय/स्पष्ट तथा समस्त वांछित सूचनाओं/संलग्नकों सहित निर्धारित अन्तिम तिथि तक जमा किया जाना अनिवार्य होगा। समय–समय पर सम्बद्धता से सम्बन्धित/निर्गत निर्देश/आदेश आदि यथापेक्षित सूचनायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेंगी।

संलग्नक–यथोपरि।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

**पत्रांकः 1266/पत्रा. 1494/विज्ञापन/सम्बद्धता–2025–26/डीएसएमएनआरयू/2025–26 दिनांक 29.09.2025**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकरी, विश्वविद्यालय।
3. उप कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
4. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव